तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

# हरिभूमि जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025





कलेक्टर ने तहसील कार्यालय पामगढ़ शिवरीनारायण का किया औचक निरीक्षण 4





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


## खबर संक्षेप

### प्रयास विद्यालय : विद्यार्थियों की तृतीय प्रतीक्षा सूची जारी

**जांजगीर-चांपा।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसलिंग की 28 एवं 30 अगस्त को निर्धारित किया गया है। जिसमें अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालकों, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका, अनुसूचित जाति बालक और बालिका के लिए काउंसलिंग 29 अगस्त एवं अन्य पिछड़ा वर्ग बालक और बालिका एवं सामान्य वर्ग बालक और बालिका के लिए काउंसलिंग 30 अगस्त को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू उरकुरा मार्ग, व्ही.आई.पी. सिटी कालोनी के सामने रायपुर में किया जाएगा।

### नाबालिग ने युवक पर किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**शिवरीनारायण।** गाली गलौच करने से परेशान होकर नाबालिक बालक ने युवक पर किया चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामला शिवरीनारायण के वार्ड नंबर 14 का है। बुधवार 20 अगस्त की रात एक नाबालिक ने राम लाल केवंट उम्र 35 वर्ष पिता पुनी राम निवासी वार्ड 14 फोकटपारा के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। जिसके कारण युवक के पेट में गम्भीर चोट आई हैं। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया हैं। पुलिस ने नाबालिक लड़के के खिलाफ हत्या का प्रयास करने की धारा 109(1) के तहत गिरफ्तार कर सुधार गृह भेज दिया हैं। रामलाल केवट जब भी उसे देखता था तो गाली गलौच करता था। बुधवार की रात में भी जब नाबालिक बालक नगर के पुराने अस्पताल के पास बैठा था तब रोजाना की तरह उसके पास आया और गाली गलौच करने लगा। रोज रोज की प्रताड़ना से तंग आकर उसने घर से चाकू लाकर युवक के पेट में हमला कर दिया। घटना स्थल पर उपस्थित लोगों ने बीच बचाव करके घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया।

### विदेशों सामानों एवं कंपनियों का बहिष्कार एवं पुतला दहन आज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई नैला द्वारा विदेशों सामानों एवं विदेशों कंपनियों का बहिष्कार रैली एवं पुतला दहन शुक्रवार 22 अगस्त को शाम 4 बजे से 6:30 बजे नेताजी से कचहरी चौक के बीच रखा गया है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक कर विदेशी सामान एवं विदेशों कंपनियों का बहिष्कार करने जागरूक करेंगे।

### अंत्यावसायी विभाग में नहीं आ रहा फंड, 150 से अधिक आवेदन लंबित

# स्व रोजगार में बजट ने अटकाया रोड़ा आवेदन के बाद भटक रहे बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिले के अंत्यावसायी वित्त विकास विभाग में पिछले 5 सालो से बजट की समस्या बनी हुई है। जिसके कारण लोन लेकर स्वरोजगार करने वाले युवाओ को शासन की योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है। जिम्मेदार विभाग के अफसर युवाओ की इस समस्या को लेकर गंभीर तक नही है। वही स्वरोजगार के 150 से अधिक आवेदन भी लंबित है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के एसबीआई मुख्य ब्रांच के पास अंत्यावसायी वित्त विकास विभाग का संचालन किया जा रहा है। ताकि ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवाओ को लोन देकर स्वरोजगार से जोडा जा सके। लेकिन इधर बजट की समस्या के चलते युवाओ को लोन तक नही मिल पा रहा है। इस तरह की समस्या विगत 5 सालो से बनी हुई है। इन सबके बावजूद इस पर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। अनूसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति वर्ग से आने वाले पात्र युवा बेरोजगारो को स्वरोजगार करने के उदेश्य से विभाग के द्वारा 50 हजार रूपऐ से लेकर 3 लाख रूपऐ तक का लोन दिया जाना है, लेकिन बजट नही होने के चलते उनको स्वरोजगार करने के लिए विभाग के माध्यम से लोन नही मिल पा रहा है। योजना के तहत पात्र युवा बेरोजगारो को स्वरोजगार के तहत किराना दुकान, फोटो कापी सेंटर, ब्यूटी पार्लर, जूस सेंटर, मनिहारी दुकान, कुटीर उदयोग, कपडा दुकान सहीत अन्य तरह के दुकान संचालन को लेकर विभाग के माध्यम से लोन दिया जाना रहता है। वही बजट समस्या के कारण इसका लाभ युवाओ को नही मिल पा रहा है। इधर विभाग मे स्वरोजगार से जुडने को लेकर अप्रैल महीने से लेकर अगस्त महीने के भीतर 150 से भी अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके है, लेकिन बजट समस्या के चलते फाइल आगे नही बढ पा रही है। जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक नवागढ, पामगढ, अकलतरा, बम्हनीडीह एवं बलौदा को मिलाकर बेरोजगार युवाओ की संख्या लाखो में है वही बडी संख्या मे आज के युवा स्वरोजगार के माध्यम से कुछ करने की चाहत तो रखते है। लेकिन बजट की समस्या के कारण लोन के लिए आवेदन जमा करने के बाद भी उन्हे लोन नही मिल पाता है। इसके लिए बेरोजगार युवाओ का आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, दुकान का कोटेशन, लोन लेने का दस्तावेज सहित अन्य तरह के कागजात आवश्यक रहते है। पहले जहां बेरोजगारो को लोन मिलने के बाद उन्हें स्वरोजगार संचालन करने में सहुलियत होती थी। वही अब बजट समस्या के चलते उन्हे लोन नही मिल पा रहे है। जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक नवागढ, पामगढ, अकलतरा, बम्हनीडीह एवं बलौदा को मिलाकर बेरोजगार युवाओ की संख्या लाखो में है। वही बडी संख्या में आज के युवा स्वरोजगार के माध्यम से कुछ करने की चाहत तो रखते है, लेकिन बेरोजगारों को स्वरोजगार करने के लिए लोन नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते उन्हें कार्यालय का चक्कर काटने की मजबूरी बनी रहती है।

#### भवन के छत से टपकता है बरसाती पानी

अंत्यावसायी विभाग का भवन काफी पुराना हो चुका है। जिसके चलते बरसात के दिनो में छत का पानी कार्यालय के कमरे तक पहुंच जाता है। ऐसे में कामकाज कराने पहुंचे लोगो के साथ साथ स्टाफ के लोगो को भी काफी परेशानी उठानी पडती है। विभाग का भवन काफी पुराने होने के कारण भी स्टाफ के लोगो के लिए परेशानी होती है। वही दूसरी ओर कामकाज कराने को लेकर पहुंचे लोगो को प्रसाधन की समस्या से भी जुझना पड जा रहा है। आफिस के पीछे भी कचरों का अंबार लगा हुआ है। साथ ही भवन की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है। जिसके चलते परिसर में बरसात का पानी इकट्ठा हो जाता है। ऐसे में उन्हें परेशानी होती है।

#### कराया गया अवगत

विभाग में बजट समस्या के चलते बेरोजगारो को लोन नहीं मिल पा रहे है। वही 150 से अधिक आवेदन भी लंबित है। बजट आने पर स्वरोजगार के तहत स्वालंबन बनने पात्रता के अनुसार लोन प्रदान किया जाएगा।

-संदीप शुक्ला,
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
अंत्यावसायी वित्त विकास विभाग

# किसान को पता ही नहीं और खाते से पार हो गए साढ़े 5 लाख, संस्था प्रभारी पर जुर्म दर्ज

### अकलतरा क्षेत्र के कोटमीसोनार का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर- अकलतरा

जिला सहकारी बैंक शाखा अकलतरा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति कोटमीसोनार के एक किसान के खाते से साढ़े 5 लाख रुपए फर्जी तरीके से पार हो गए। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने संस्था प्रभारी के खिलाफ 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है। पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोटमीसोनार निवासी लक्ष्मीलाल पटेल ने सेवा सहकारी समिति कोटमीसोनार में समर्थन मूल्य पर धान बेचा था। धान बिक्री की रकम उसके जिला सहकारी बैंक शाखा अकलतरा के खाते में जमा थी। इसको लेकर वह निश्चिंत था, लेकिन पिछले दिनों वह जिला सहकारी बैंक अकलतरा पहुंचा और राशि आहरण करने के लिए खाता चेक करवाया तो पता चला कि उसमें खाते में 5 लाख 50 हजार रुपए का आहरण हो चुका है। इसकी जानकारी मिलते ही उसके पैरो तले जमीन खिसक गई। उसकी बगैर जानकारी के उसके खाते से इतनी बड़ी राशि कैसे निकल गई। इसकी चर्चा बैंक के अधिकारियों से करते हुए उसने तत्काल अपनी शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पीड़ित किसान लक्ष्मीलाल पटेल की रिपोर्ट पर अकलतरा पुलिस ने सेवा सहकारी समिति के संस्था प्रभारी के खिलाफ 420 का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया है कि आरोपी द्वारा पूर्व में भी इसी तरह से फर्जीवाड़ा किया गया था। पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपी द्वारा बैंक के कर्मचारी अधिकारी के साथ सांठगांठ कर किसान के खाते से रकम आहरण करना पाए जाने से धोखाधड़ी का मामला दर्ज विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। प्रकरण के आरोपी फरार है। जिसकी पतासाजी जारी है आरोपी के मिलने पर शीघ्र गिरफ्तारी कार्यवाही की जाएगी।

# दूसरे दिन भी शिवनाथ नदी में होती रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

शिवनाथ नदी पुल पर लापता हुए युवक का तलाश दूसरे दिन भी जारी रही, लेकिन युवक का कही कोई पता नहीं चल पाया है। जिला सेनानी के साथ एसडीआरएफ की टीम लगातार जांच में जुटी है।

जांजगीर चांपा और बलौदा बाजार जिले की सीमा में शिवनाथ नदी पुल पर तनौद निवासी कौशल श्रीवास (23) की बाइक चालू हालत में मिली, वहीं युवक का एक मोबाइल और जूता पड़ा हुआ था। जबकि आसपास कहीं युवक का पता नही पर शिवनाथ नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है। युवक की तलाश में गोताखोरों की टीम लगातार खोजबीन कर रही है। युवक को लापता हुए 36घंटे बीत चुके है। बिलासपुर से एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम व बाढ़ आपदा शिवरीनारायण थाना जांजगीर चांपा टीम बुधवार सुबह से शाम गुरुवार 21 अगस्त की शाम शिवनाथ व महानदी में उसकी तलाश में जुटी रही है। कौशल श्रीवास कोरबा में प्राइवेट नौकरी करता है वह 15 अगस्त को छुट्टी मनाने घर आया था। मंगलवार की शाम वह 6-7 बजे घूमने निकला था। रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। जिला सेनानी की कमांटेड योग्यता साहू ने बताया कि दूसरे दिन भी पूरी टीम तलाश में जुटी रही। रात तक पता नहीं चला। सुबह से फिर से तलाश शुरू होगी।



युवक की खोजबीन में जुटी एसडीआरएफ की टीम।

## गडकरी से मिले चंदेल...



**जांजगीर-चांपा।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और सांसद कमलेश जांगड़े ने केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने अकलतरा से लेकर रायगढ़ के बीच तक की सड़क को फोरलेन बनाने और हसदेव नदी में नए पुल निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# आनलाइन से प्रतिबंधित हथियार खरीदने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



आनलाइन के माध्यम से प्रतिबंधित हथियार खरीदने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मालखरौदा क्षेत्र में प्लेटफार्म अमेजन इंडिया से प्रतिबंधित शस्त्र चाकू खिलेश्वर यादव उर्फ खूबी पिता स्व. धनेश्वर यादव उम्र 19 साल ग्राम मालखरौदा एवं यशवंत चौहान पिता सेवक राम चौहान उम्र 22 साल ग्राम नवागांव थाना मालखरौदा द्वारा खरीदा गया था। 20 अगस्त को देहात पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर सूचना मिला कि मालखरौदा दशहरा मैदान मुख्य मार्ग गेट के पास खिलेश्वर यादव उर्फ खूबी नामक व्यक्ति अपने हाथ में चाकू रख कर आने जाने वालों को डरा धमका रहा है मौके पर जाकर आरोपी खिलेश्वर यादव को जाकर पकड़े जिसके कब्जे से प्रतिबंधित 1 नग चाकू को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह कलमी के नहर पर के पास में यशवंत चौहान निवासी ग्राम नवागांव के द्वारा अपने हाथ में तलवार रख कर आने जाने वालों को डरा धमका रहा है सूचना पर तत्काल मौके पर जाकर आरोपी यशवंत चौहान को पकड़े जिसके कब्जे से एक नग तलवार को जप्त कर आरोपी को 20 अगस्त को गिरफ्तार कर गुरूवार 21 अगस्त को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### धारदार हथियार के साथ 2 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



**चांपा।** हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर चांपा निवासी शंकर दास महंत उर्फ बिल्ला पिता संतोष दास महंत 26 वर्ष एवं तिलक नगर निवासी रोहन चौहान पिता तीरथराम चौहान 19 वर्ष द्वारा हथियार लहराकर लोगों को भयभीत कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक अरुण सिंह,ज्ञान प्रकाश खाखा, आरक्षक शंकर राजपूत, मुद्रिका दुबे, संजय साहू, विरेश सिंह का विशेष योगदान रहा।

### कई बिन्दुओं पर की जानी थी अधिकारियों से चर्चा

# जीवनदीप समिति की बैठक में अव्यवस्था, भड़के विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जीवनदीप समिति की बैठक में अव्यवस्थाओं को देखकर विधायक भडक उठे और बैठक का बहिष्कार करते हुए वापस लौट गए। जिसके चलते बैठक निरस्त कर दी गई। इधर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा होनी थी, जो नहीं हो सकी।

ज्ञात हो कि गुरूवार 21 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा में अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह की मौजूदगी में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई थी। जिसके सम्बन्ध में वे समस्त विभागों की उपस्थित में चर्चा करना चाहते थे। नगर वासियों के द्वारा प्रमुख रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा मरीजों से दुर्व्यवहार करने, डाग बाइट की दवा उपलब्ध नहीं होने, पोस्टमार्टम के समय मृतक के परिजनों को होने वाली दिक्क़तो सहित कई समस्याओं के संबंध में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह को जानकारी प्रदान करते हुए उक्त समस्याओं के निराकरण की मांग की गई थी। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा जीवनदीप समिति की बैठक के दौरान उक्त समस्त बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए नगर वासियों की समस्याओं के निराकरण की दिशा में पहल करने वाले थे लेकिन बैठक के दौरान जनपद पंचायत, नगर पालिका परिषद, पुलिस थाना अकलतरा एवं विद्युत विभाग अकलतरा के जिम्मेदार लोगों के नदारद रहने एवं बैठक स्थल में फैली अव्यवस्थाओं से वे भड़क गए व बैठक का बहिष्कार करके चले गए। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने तो केवल नाराजगी जाहिर की। बैठक में डॉ महेंद्र सोनी, बीएमओ अकलतरा जीवनदीप समिति की बैठक में आज कई विभाग के अधिकारी व जन प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए जिसे देखकर विधायक नाराज हो गए एवं बैठक छोड़कर चले गए।



बैठक से वापस लौटते विधायक राघवेन्द्र सिंह।


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### निगम के नेता प्रतिपक्ष ने अशोक वाटिका संचालन पर खड़े किए सवाल



**कोरबा।** निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने अशोक वाटिका के संचालन पर फिर से सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि अशोक वाटिका में मार्निंग वॉक एवं योगाा केन्द्र का आम जन सुबह 5 बजे से 9 बजे तक निःशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, लेकिन शाम के समय वॉक एवं योगा करने वालों का क्या होगा। अशोक वाटिका के संचालन के लिए अर्बन पब्लिक सोसायटी के द्वारा ठेका कंपनी को सौंपा गया है, जिसने वाटिका में प्रवेश के लिए प्रवेश शुल्क एवं वाहन पार्किंग शुल्क लगाकर संचालन किया जा रहा है, जबकि निगम प्रशासन को चाहिए कि इस वाटिका में पूरे समय निःशुल्क आना जाना आमजनों का रहे, ऐसी व्यवस्था देनी चाहिए। जिसने भी ठेका लिया है क्या उसने पहले नहीं सोचा होगा इसका विरोध होगा तो क्या करना होगा सुबह 5 बजे से 9 बजे तक निःशुल्क सुविधा पहले से सोची समझी साजिश का हिस्सा रहा है।

### मसीही समाज ने किया धरना प्रदर्शन धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ का किया विरोध




**कोरबा।** जिले में मसीही समाज द्वारा अपने समाज के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई का विरोध किया जा रहा है। मसीही समाज ने धरना प्रदर्शन कर चर्च और पूजा घरों में की जाने वाली तोड़फोड़ व मारपीट का विरोध करते हुए राज्यपाल के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। घंटाघर से लेकर सुभाष चौक और वहां से लेकर कोसा बाड़ी तक बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी कर्मचारी सुबह से ही तैनात कर दिए गए थे। चर्च पर हमला और प्रार्थना सभा का विरोध करने का विरोध किया गया मसीही समाज के लोगों ने बताया किस संविधान में हमें जो अधिकार दिए गए हैं उसके तहत ही हम पूजा आराधना भी करते हैं लेकिन धर्म परिवर्तन के नाम पर उनके साथ मारपीट की जा रही है। मसीही समाज के इस आंदोलन को अपना समर्थन देने भीम आर्मी के लोग भी सुभाष चौक पहुंचे इनके एक पदाधिकारी राजकुमार जांगड़े ने बताया कि भारतीय संविधान हमें जो आज़ादी देता है उसे छीनने की कोशिश की जा रही है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम पंचायत दोंदरों को मिला भारत सरकार से सम्मान



**कोरबा।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा कोरबा जिले के ग्राम पंचायत दोंदरों को जलसंरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। नई दिल्ली में सम्मान प्राप्त करने के पश्चात जनपद पंचायत कोरबा सीईओ ने जनपद अध्यक्ष श्रीमती बीजमोती राठिया, जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 06 श्रीमती ललिता बलराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य कौशल प्रसाद पटेल, ग्राम पंचायत दोंदरो सरपंच बंधन सिंह कंवर व पूर्व सरपंच श्रीमति उदमबाई कंवर व दोंदरो उपसरपंच श्रीमती प्रमिला मनहरण पटेल सहित अन्य ने कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात की और जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के उत्कृष्ट कार्य के लिए दिये गये प्रमाण पत्र के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी को बधाई देते हुए कार्यों की प्रशंसा की और शुभकामनाएं दी। जनपद सीईओ सुश्री कौशाम्बी गबेल ने बताया कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रत्येक विकासखण्ड से एक ग्राम पंचायत को जल संरक्षण के उत्कृष्ट कार्य के लिए चयन करने के लिए निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके परिपालन में ग्राम पंचायत दोंदरो का चयन किया गया।

## पहले दिन मानिकपुर व कुसमुंडा में शुरू हुआ हड़ताल

# ट्रक मालिकों की हड़ताल हुई शुरू थम गए ट्रक और ट्रेलर के पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





मानिकपुर व कुसमुण्डा खदान में प्रदर्शन करते हुए ट्रक व ट्रेलर मालिक संघ के सदस्य।

भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति ने कामबंद हड़ताल शुरू कर दिया है। आंदोलन के पहले दिन मानिकपुर व कुसमुंडा में संघ के पदाधिकारियों ने मोर्चा संभाला। दोनों खदानों में हड़ताल की वजह से ट्रकों व ट्रेलरों के पहिए थमे रहे, जिससे कोल डिस्पैच व ओव्हर बर्डन का कार्य बाधित रहा। मांगे पूरी नहीं होने पर दूसरे दिन गुरूवार से सभी क्षेत्रों में हड़ताल किया जाएगा, जिसका व्यापक असर देखने को मिल सकता है।

**खास बात**

- आज से सभी खदान क्षेत्रों में थम जाएंगे ट्रक एवं ट्रेलर के पहिये

ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति के बैनर तले जिले के खदानों में संचालित होने वाले ट्रक ट्रेलर मालिकों ने 25 प्रतिशत भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। हड़ताल के पहले दिन मानिकपुर व कुसमुंडा खदान में ट्रकों व ट्रेलरों के पहिए थमे रहे। मानिकपुर व कुसमुंडा दोनों खदानों के फेस पर संघ के पदाधिकारियों ने मोर्चा संभाला। दिन भर संघ के पदाधिकारी धरना प्रदर्शन करते नजर आए। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि पहले दिन केवल दो खदानों में आंदोलन शुरू किया गया है। गुरूवार से सभी क्षेत्रों में हड़ताल होने से ट्रक व ट्रेलरों के पहिए थमे रहेंगे। उल्लेखनीय है कि ट्रक ट्रेलर मलिक सेवा समिति व कोल लिफ्टरों के बीच विगत दिनों भाड़ा वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर दीपका के सामुदायिक भवन में बैठक हुई थी, लेकिन बैठक बेनतीजा रही थी। जिसके बाद ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति संघ ने आंदोलन का शंखनाद किया था। ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा है कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया, तो हड़ताल अनिश्चितकालीन होगा और गुरूवार से लगभग 2 हजार ट्रकों के पहिये थमते ही कोयला परिवहन भी बुरी तरह से प्रभावित होगा।

यदि हड़ताल 2 से 3 दिनों तक खींचा तो निश्चित तौर पर ढाई से 3 हजार ट्रक और ट्रेलर के पहिये थम जाएंगे और ऐसे में काम पूरी तरह से प्रभावित होगा। हालांकि पूर्व में भी ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति ने अपनी मांगों को लेकर एक दिन का हड़ताल किया था, लेकिन बाद में कोल लिफ्टरों के द्वारा भाड़ा वृद्धि करने की बात पर सहमति बनी थी, जिसके बाद हड़ताल समाप्त कर दिया था लेकिन अब मामला बनता नहीं दिख रहा है। संघ ने साफ कह दिया है कि जब तक भाड़ा वृद्धि नहीं की जाएगी ट्रकों व ट्रेलरों के पहिए थमे रहेंगे।

**3 से 4 हजार ट्रक मालिक हैं पंजीकृत**

उल्लेखानीय है कि समिति में लगभग 3 से 4 हजार ट्रक मालिक पंजीकृत है और जिले में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 10 से 12 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे है जैसे कि पार्ट्स दुकानदार, मैकेनिक, पेट्रोल पंप, वर्कशॉप, टायर आदि शामिल है। वर्ष 2023 से लगातार स्थानीय उद्योगों द्वारा कोयला परिवहन के लिए भाड़ा दरों में कटौती की जा रही है, जबकि दूसरी ओर वाहन संचालन से संबंधित सामान जैसे कि पार्ट्स, टायर, डीजल (एचएसडी) आदि की कीमतों में 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की वृध्दि हुई है। इस स्थिति में हम ट्रक संचालन में भारी आर्थिक घाटा झेल रहे है। ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति ने कई बार उद्योगों से भाड़ा वृद्धि के लिए वार्ता करने का प्रयास किया, लेकिन कोई समारात्मक परिणाम नही मिला।

## ऑनलाइन कार्य नहीं करने वाले 142 पटवारी को कारण बताओ नोटिस

**जांजगीर-चांपा।** जिले में ऑनलाइन शासकीय कार्य नही करने वाले पटवारियों पर कार्रवाई करते हुए थोक में नोटिस की गई है। जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी एसडीएम ने 142 पटवारियों को नोटिस जारी किया है।

गौरतलब है कि पटवारियो द्वारा संसाधनों की कमी सहित अन्य मांगों को लेकर ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया जा रहा है, वहीं वर्तमान में गिरदावरी का काम चल रहा है, ऐसे में जिला प्रशासन के दिशा निर्देशन में ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करने वाले पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने 16 अगस्त 2025 से ऑनलाइन शासकीय कार्य नहीं करने वाले 142 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एसडीएम जांजगीर ने 40, एसडीएम चांपा ने 32, एसडीएम पामगढ़ ने 28 एवं एसडीएम अकलतरा 42 पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि 16 अगस्त से आपके द्वारा सभी प्रकार के ऑनलाइन शासकीय कार्य नहीं किए जा रहे हैं, जिससे महत्वपूर्ण शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम जनता को आवश्यक सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(2) के विपरीत है। संबंधित पटवारियों को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीण के घर में वन विभाग का छापा, 22 नग साल चिरान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण द्वारा जंगल से बड़े पैमाने पर साल पेड़ों की कटाई कर उसे चिरान बनाकर उसे घर में संग्रहण कर रखा गया था और उसे खपाने की योजना बना रहा था लेकिन इस बीच वन विभाग के अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली तो वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीण के घर पर छापामारी की कार्यवाही की। जहां उसके कब्जे से 22 नग साल चिराग जप्त किया गया है। मामले में वन विभाग ने ग्रामीण के खिलाफ वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत को मुखबिर से सूचना मिली थी कि केंदई रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम सलाईघोट निवासी प्रदीप कुमार पिता सुखराम गोंड़ के द्वारा अवैध रूप से साल चिरान अपने घर पर छुपाकर रखा गया है। सूचना पर केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक कुमार दुबे ने अपनी टीम के साथ ग्राम सलाईघोट निवासी प्रदीप कुमार के घर पर छापेमारी की कार्यवाही की जहां उसके घर में छुपाकर रखे गए 22 लाख को जप्त किया गया है। पकड़े गए ग्रामीण के खिलाफ वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद किया गया है मामले में आरोपी की धरपकड़ करने में सुनील डिक्सेना, शारदा शर्मा, विकास सूर्यवंशी, सीमा सारथी, प्रीतम पुराईन, पंकज खैरवार, अशोक श्रीवास, रामप्रताप कुशवाहा, गंगाराम नेताम, प्रहलाद नेताम की मुख्य भूमिका रही।

## मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वालों पर 15-15 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्रवाई करती पुलिस।



जब्त बाइक।

शहर में मोटरसाइकिल बुलेट में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर घूमने व पटाखे की आवाज निकालना लोग अपनी शान समझते हैं और लगातार शहर में फर्राटे मारते हुए घूमते हैं। ऐसे मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वाले बुलेट राजाओं के खिलाफ यातायात पुलिस एक्शन में आ चुकी है और अब ऐसे मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वाले चालकों को अब मौके पर नहीं बल्कि सीधे न्यायालय पेश किया जा रहा है जिन्हें न्यायालय में सीधे 15-15 हजार रुपए का जुर्माना ठोका जा रहा है। पिछले दो दिनों में यातायात पुलिस ने कुल 6 मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ कार्यवाही न्यायालय में पेश किया गया था जिनके खिलाफ कुल 90 हजार रुपए जुर्माना ठोका गया है। इस कार्यवाही से बुलेट राजाओं के होश उड़ गए हैं।

**खास बात**

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस चला रही है विशेष अभियान

उल्लेखनीय है कि शहर में इन दिनों महंगी महंगी गाड़ी और बुलेट में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटे मारना या फिर पटाखे लगाकर पटाखे की आवाज निकालना फैशन बन चुका है। ऐसे मॉडिफाईड साइलेंसर लगाकर घूमने वाले बाइक चालकों की लगातार संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने यातायात डीएसपी डीके सिंह को विशेष फरमान जारी किया है। जिसके बाद यातायात प्रभारी तेज प्रताप यादव, एएसआई मनोज राठौर व उनकी विशेष टीम इन दिनों शहर में मॉडिफाईड साइलेंसर लगाकर बुलेट में फर्राटे भरने वाले लोगों पर अपनी नज़रें तिरछी कर ली है। इसलिए दो दिनों के दौरान शहर में ही ऐसे बुलेट में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वाले 6 बुलेट राजाओं के खिलाफ यातायात पुलिस ने जप्ती कर मामले की कार्रवाई की है और उसे सीधे न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायालय ने ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए प्रत्येक बुलेट मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वाले बुलेट चालकों के खिलाफ 15 हजार रुपए जुर्माना की कार्यवाही की है।

**अब तक 121 पर हुई कार्रवाई**

सहरवा होटल में लगातार मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस एक्शन मैनेजर आ रही है पुलिस से मेरी जानकारी के मुताबिक पिछले जनवरी से अब तक यातायात पुलिस ने बुलेट सहित अन्य वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर फराटे भरने वाले कल 121 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और उनसे बहुत और सामान शुल्क के रूप में 33 लाख 200500 उधर जुर्माना वसूल किया गया है।

**बिना नंबर प्लेट के बाइक चलाने वालों पर भी गिरी गाज**

बिना नंबर प्लेट के मोटरसाइकिल व कार में घूमने को लोग फैशन मानते हैं और ऐसे ही मौके का अपराधी फायदा उठाते हैं जो बिना नंबर प्लेट की वाहनों में सवार होकर पहुंचते हैं और वारदातों को अंजाम देते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सभी जिले के थाना और चौकी प्रभारी को फरमान जारी किया है पिछले दो दिनों से जिला पुलिस द्वारा लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है जो बिना नंबर प्लेट के मोटरसाइकिल में फर्राटे भर रहे हैं।

# आबकारी का छापा, 74 लीटर महुआ शराब जब्त

**कोरबा।** आबकारी विभाग की टीम लगातार अवैध शराब के खिलाफ मुहीम चला रही है। बुधवार को 4 अलग अलग स्थानो में छापामारी की कार्यवाही कर कुल 74 लीटर महुआ शराब व 130 किलो महुआ लाहन जप्त किया गया है। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को जिले में अलग अलग टीम गठित कर कार्यवाही की गई। इसी कड़ी में आबकारी वृत्त दीपका में आबकारी उपनिरीक्षक डॉ सुकांत पांडेय की टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम मूडाभांटा पोंडी थाना पाली में मनीष चौहान के मकान में दबिश दी गई जहाँ आरोपी के कब्जे से कुल 22 लीटर महुआ शराब बरामद की गई तो वहीं ग्राम पोंडी से लगे ग्राम मड़वामौहा में रंजित कुमार द्वारा महुआ शराब विक्रय की सूचना पर छद्मक्रेता द्वारा टेस्ट परचेज कराया गया पुष्टि होने पश्चात आरोपी के बाड़ी की तलाशी लेने पर कुल 27.2 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आबकारी वृत्त कोरबा आंतरिक में आबकारी उपनिरीक्षक जया मेहर की टीम द्वारा ग्राम तिलाईडान्ड थाना बालको में सुरेश कुजूर से टेस्ट परचेज पश्चात उसके संज्ञान आधिपत्य बाड़ी की तलाशी लेने पर कुल 9.5 लीटर महुआ शराब बरामद की गई।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 206/ब-121/2024-2025
ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर

आवेदक श्री अशोक कुमार राठौर पिता स्व. श्री चन्द्रमणी सिंह राठौर जाति राठौर एवं आवेदिका श्रीमती पुष्पा सिंह राठौर पति श्री अशोक कुमार राठौर जाति राठौर दोनो निवासी ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक कुमार राठौर पिता स्व. श्री चन्द्रमणी सिंह राठौर जाति राठौर एवं आवेदिका श्रीमती पुष्पा सिंह राठौर पति श्री अशोक कुमार राठौर जाति राठौर दोनो निवासी ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 03/05/1996 को ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हो चुका है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 15/09/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/8/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**:: ईश्तहार ::**

क्र. 2504/ अ.वि.अ./ व्यपवर्तन / 2025,
जांजगीर, दिनांक 21/8/25

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम दुरपा को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल पिता स्व. पुरुषोत्तम अग्रवाल निवासी ग्राम दुरपा तहसील शिवरीनारायण के द्वारा ग्राम दुरपा प.ह.नं. 07 तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 1962/1, 1962/2, 1962/3 रकबा क्रमशः 0.73, 0.37, 0.37 कुल रकबा 1.47 एकड़ भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 4/9/25 तक आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/8/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर**

**कार्यालय तहसीलदार पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक // तह./वा./25
पामगढ़, दिनांक 04.07.2025,
रा.प्र.क्र 202507063100035/स-132
ग्राम - बारगांव प.ह.नं.

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक विनोद चौहान पिता संतोष चौहान जाति चौहान ग्राम बारगांव थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की आवेदक अपने दादी हिराबाई चौहान पति जीवन लाल का मृत्यु दिनांक 27/02/2024 को ग्राम बारगांव पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम बारगांव में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 28/08/2025 को दावा अपत्ति पेश कर सकते है

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### फार्मेसी कॉलेज में पांच दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ




**राहौद।** नगर के सीताराम कश्यप फार्मेसी कॉलेज में पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ मनमोहन सिंह ने सभी नई छात्र ,छात्राओं को सीताराम कश्यप फार्मेसी कॉलेज में प्रवेश के लिए स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का हिस्सा नहीं है, यह स्वयं जीवन है आपलोग का लक्ष्य एवं सपने बड़े होने चाहिए जो समाज और देश के लिए प्रेरणा श्रोत रहे क्योंकि युवा छात्र, छात्राएं ही देश की शान एवं संपत्ति होता है। तत्पश्चात संस्था के निर्देशक दीपक कश्यप ने सभी को इस अवसर का लाभ उठाने एवं विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किए। उन्होंने कहा कि तनाव मुक्त होकर कॉलेज का नीति नियमों का पालन करते हुए अपने पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। सभी शिक्षकों ने एक-एक करके सभी छात्र, छात्राओं से परिचय करवाए। उसके बाद कॉलेज के विभिन्न गतिविधियों पाठ्यक्रमों खेल , संस्कृति कार्यक्रम से अवगत कराया। तत्पश्चात कॉलेज के विभिन्न विभागो पुस्तकालय , प्रयोगशालाएं, कम्प्यूटर अन्य सुविधाओं का दौरा कराए। उसके बाद पाठयक्रय ,परीक्षा प्रणाली और मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। अंत में संस्था के उप-प्राचार्य गौरव वर्मा ने छात्र,छात्राओं को सीखते रहना और समय का उपयोग बेहतर बनने के लिए करे।

### छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग ने साहित्यकारों को किया सम्मानित




**चांपा।** छत्तीसगढ़ी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और लोक जीवन की आत्मा है। इसमें हमारे लोक गीतों की मिठास, कहानियों की सरलता और पीढ़ियों से चली आ रही लोक बुद्धि की गहराई बसती है। यह भाषा हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है। छत्तीसगढ़ी भाषा जोड़ने वाली भाषा है तोड़ने वाली नहीं। छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के कार्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर न्यू सर्किट हाउस के सभागार में मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में उपरोक्त विचार व्यक्त किया। समारोह में छत्तीसगढ़ की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध बनाने वाले वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रमाकान्त सोनी चांपा, डॉ. संतराम देशमुख दुर्ग, गणेश यदु कांकेर, मनमोहन सिंह ठाकुर, रायगढ़, सनत तिवारी, बिलासपुर एवं हर प्रसाद निडर का सम्मान मंचस्थ अतिथियों द्वारा सांस्कृतिक अंगवस्त्र, श्रीफल, पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र से किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सहयोग से प्रकाशित दस लेखक लेखिकाओं की प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में पुरखा के सुरता पर चर्चा एवं तीसरे सत्र में छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। मंचस्थ अतिथियों में विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहब के अलावा संचालक विवेक आचार्य, डॉ. रोहित यादव सचिव संस्कृति विभाग एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार एवं प्रांत के समस्त जिलों से आए साहित्यकारों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### भाजपा जिला सक्ती के उपाध्यक्ष बनाए गए गोपी

**बिर्रा।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा भाजपा सक्ती के जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल के



अनुशंसा पर गोपी सिंह ठाकुर को भाजपा जिला सक्ती के जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशन पर प्रदेशसंगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से भाजपा संगठन को मजबूत करने के लिए भाजपा के सक्रिय नेता गोपी सिंह ठाकुर को सक्ती जिला के भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाएं जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह और संचार देखने को मिला है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपी सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश संगठन ने मुझे इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपी है इस पर खरा उतरने हरसंभव प्रयास करूंगा और पार्टी को अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा में प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**बिर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा में शुक्रवार 22 अगस्त को दोपहर 2 बजे से वरिष्ठ पत्रकार कुंज बिहारी साहू खरौद की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप साहू विधायक कसडोल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर एवं अमृत विकास टोपनो कलेक्टर जिला सक्ती उपस्थित रहेंगे। राजकुमार साहू और राजीव लोचन साहू ने सभी से उपस्थिति होने अपील की है।

बालिकाओं की मटका फोड़ और बालकों की दही हांडी प्रतियोगिता रही आकर्षण का केंद्र

# धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

सेजेस विद्यालय शिवरीनारायण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की भव्यता और बच्चों की भागीदारी ने समस्त वातावरण को भक्ति और उत्साह से भर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई, जिसमें बालिकाओं द्वारा मटका फोड़ प्रतियोगिता तथा बालकों के बीच दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रीकृष्ण की लीलाओं को जीवंत कर दिया। इसके अतिरिक्त, विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रिकार्डिंग डांस प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी प्रस्तुति दर्शक दीर्घा के सामने आयोजित की गई, जिससे समस्त आगंतुकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राहुल थवाईत, अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बुद्धेश्वर केशरवानी, अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, ओ. पी. शर्मा प्रधान पाठक, एस. एन. यादव शिक्षक, एम. केशरवानी, रेशमा उरांव, तथा भरतमणि वैष्णव उपस्थित रहे। मैच रैफरी की भूमिका जी. पी. साहू ने निभाई, जिन्होंने निष्पक्षता और अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं का संचालन सुनिश्चित किया।कार्यक्रम के आयोजक बी. के. देवांगन, प्राचार्य रहे, जबकि के. पी. साहू, आर. के. साहू, टी. आर. कुर्रे, आर. पी. कश्यप, एच. सी. देवांगन, व्ही. एल. जलतारे, सी. एस. देवांगन, व्ही. पी. तिवारी, एस. साहू, यशोदानंदन, तथा बसंती यादव ने विशेष सहयोग प्रदान किया।श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का यह आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ ही सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ।




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।



अकलतरा में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाज के लोग।

### विद्यासागर एकेडमिक पब्लिक में मनाया गया जन्माष्टमी उत्सव



**अकलतरा।** विद्यासागर एकेडमिक पब्लिक स्कूल अकालतरा में स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ और जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को विभिन्न प्रकार की रंगोलियों, आकर्षक सजावट और तिरंगा झंडियों से सजाया गया था।बच्चों ने पारंपरिक गीतों और भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और आनंद से भर गया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधन ने बच्चों की कला और मेहनत की प्रशंसा करते हुए उन्हें कार्यक्रम को सफल बनाने का श्रेय भी बच्चों को दिया।

### यादव समाज ने धूमधाम से मनाया पर्व

**अकलतरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व सर्व यादव समाज द्वारा धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नगर एवं तहसील यादव समाज के संयुक्त तत्वावधान मे अकलतरा तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों से बाइक रैली निकालकर रेल्वे स्टेशन पहुंचे जहां से यादव भवन तक युद्धवंशी शौर्य के साथ पारपंरिक वेशभूषा एवं राऊत नाचा के साथ शोभायात्रा निकाली गई एवं खीर, पुडी का प्रसाद वितरण किया गया। मंचीय कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उर्मिला यादव एवं द्वारिका यादव ने उपस्थित समाज के लोगों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम मे भोको यादव, सूरज यादव, संदीप यादव, लक्ष्मीकांत यादव, नंद यादव, छोटे यादव, सुरेश यादव, अमित कुमार यादव, धनीराम यादव, भागवत यादव, धनीराम यादव, टेकराम यादव, महेश यादव, सुरेश यादव, हरकुमार यादव, सनत कुमार यादव, कुश यादव, मनोज यादव, मोना यादव, फिरंगी यादव, जगत यादव, उमेश यादव, राजेश यादव, अनिल यादव, डग्गू यादव, राहुल यादव, जीवराखन यादव, सुंदर यादव, जगदीश यादव, बिजनंदन यादव, रामलाल यादव, सतीश यादव, अजय यादव, शेखर यादव, प्रवीण यादव, कृष्णा यादव, राखी यादव, आशु यादव, पवन यादव, पिंटू यादव, अंशु यादव जियांश यादव, अतिष यादव, विक्की यादव नमन यादव उपस्थित थे।

# रंग दे चुनरियां श्याम रंग में की प्रस्तुति पर झूमे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा। संस्कार भारती जिला इकाई सक्ती एवं शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा के संयुक्त तत्वावधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव 17 अगस्त को आचार्य चाणक्य सभागार में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मणिलाल कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता रहे। अतिथि का सम्मान शुभ्र तिलक से किया गया।

- संस्कार भारती का कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव सम्पन्न

कार्यक्रम का शुभारंभ बालकृष्ण लाल एवं ललित कलाओं की अधिष्ठात्री देवी माँ शारदा के टैलचित्र पर पूजार्चना कर किया गया। वेदोक्त मन्त्रों का साम गायन पं. प्रवीण तिवारी महाराज के द्वारा किया गया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि मणिलाल कश्यप ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जो जीवन है वो संघर्ष पूर्ण हैं, वे गोपियों के संग राच रचातें हैं ,और नीतिज्ञता व कर्मयोग के कारण योगेश्वर कहलातें हैं। वही संगीत विद्यालय के वरिष्ठ विशारद अंतिम के विद्यार्थी एवं मंडल घोष प्रमुख प्रवीण तिवारी ने कहा कि ठाकुर जी की रास भूमि वृंदावन है। वे राजेश्वर राजा राम भी हैं और योगेश्वर घन श्याम भी हैं। प्रवीण ने ठाकुर जी सप्तनिधि व सप्त देवालय आदि के विषय मे बताते हुए श्रीमद्भागवत से सप्रमाण जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम संचालन मनोज तिवारी द्वारा किया गया। देववाणी संस्कृत में राधा रमण जी के भाव राधा रमणम हरे हरे का गायन प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। कु.त्रिशाला महंत द्वारा मधुर कृष्ण भजन राधिका गोरी से गाकर समा बांध दी गई। सृष्टि कश्यप द्वारा कृष्ण भजन गाया गया। आकांछा केंवट द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। गौरी रानी कर्ष द्वारा अच्युतं केशवं प्रस्तुत किया गया। हिमेश कुमार द्वारा भजन की अत्यंत मधुर प्रस्तुति दी गई। हेमन्त कश्यप द्वारा कृष्ण भजन ऐसी लागी लगन कि प्रस्तुति देकर समा बांध दी गयी। तबला संगत श्रवण थवाईत द्वारा किया गया। जयेश द्वारा राग भीमपलासी प्रस्तुत किया गया। आशा कश्यप द्वारा राग भैरव गाया गयाभूपेंद्र कश्यप द्वारा रंग दे चुनरियां श्याम रंग में की अत्यंत सुमधुर प्रस्तुति दी गई। तबला संगत जयंत कुमार द्वारा किया गया। कृष्णोलाल साहू द्वारा तृष्णा ना जाये मन से की प्रस्तुति देकर समां बांध दी गई। श्रवण थवाईत गुरुजी द्वारा 'नाजा नाजा रे नाजा सांवरिया' दादरा गाया गया। जयंत कश्यप द्वारा भैरवी गाकर सभा समाप्ति की गई। तबला संगत प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन मनोज तिवारी(महामंत्री) द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्कार मित्र कृष्णो लाल साहू , भूपेंद्र कश्यप जयंत कश्यप सह महा मंत्री,संस्कार भारती,सुष्मिता पटेल,मोती पटेल देवेंद्र पटेल , प्रज्ञा पटेल ,दक्ष,कश्यप,इत्यादि संगीत विद्यालय के छात्रगण एवं पालक उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

### गणेश मोहल्ला की टीम ने फोड़ी मटकी

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना का मिलन चौक सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी की धूम में सराबोर रहा। मौके पर आयोजित भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता में गांव के युवा टोली बनाकर शामिल हुए। आसमान छूती पिरामिड बनाते युवाओं पर जब दर्शकों ने पानी की बौछारें डालीं तो चौक तालियों और जयकारों से गूंज उठा।करीब 20 फीट ऊंचाई पर बंधी मटकी तक पहुंचना आसान नहीं था। कई बार असफलता के बाद भी युवाओं ने हार नहीं मानी। हर असफल प्रयास के बाद बजते संगीत ने प्रतियोगिता को और भी रोमांचक बना दिया। आखिरकार गणेश मोहल्ला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मटकी फोड़ दी। विजेता टीम को आयोजन समिति मित्र मिलन यंग ग्रुप की ओर से 5 हजार रुपए की नकद इनामी राशि प्रदान की गई। ग्रामीणों ने कहा कि यह आयोजन अब गोधना की पहचान बन चुका है और हर वर्ष जन्माष्टमी पर गांव के उत्सव का मुख्य आकर्षण रहता है।

### सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने निकाली झांकी



**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताागा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय से श्री कृष्ण की दिव्य झांकी निकाली गई, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्रा, शिक्षक-शिक्षिका तथा विद्यालय समिति के पदाधिकारी के साथ गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। विद्यालय से झांकी सभी मोहल्ले से गुजरते कीर्तन मंडली के साथ निकली। श्री कृष्ण के द्वारा अपने माखन चोर मंडली सहित तोड़ते हुए आगे बढ़ झांकी के दौरान माताओ एवं बहनों ने श्री कृष्ण राधा एवं सुंदर ग्वाल-पाल सहित सभी रूपों का आरती पूजन किया। इस अवसर पर मां मनिका दाई मंदिर परिसर में श्री कृष्ण की दिव्या आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया ।

### खो-खो, कुर्सी दौड़ और 100 मीटर दौड़ में बालिकाओं ने किया प्रदर्शन

**बिर्रा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में खेल उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे, एकादशियां मांझी के मार्गदर्शन और शिक्षकों के सहयोग से आयोजन संपन्न हुआ।



बालिकाओं ने आउटडोर खेलों में खो खो कुर्सी दौड़,100 मीटर दौड़ जैसे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इनडोर खेलों में कैरम,लूडो और सांप सीढ़ी ने भी बालिकाओं को रोमांचित किया। प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास का निर्माण,उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करना और उन्हें समाज तथा देश में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित करना है। खेल केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह बालिकाओं को नेतृत्व,टीमवर्क और अनुशासन जैसे जीवन मूल्यों को अपनाने का अवसर भी प्रदान करते हैं। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रथम द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सरपंच ईश्वरीय रामस्वरूप कश्यप शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजू साहू ने बच्चों को प्रमाण पत्र दिए। कार्यक्रम का संचालन टीकाराम गोपालन कौशल यादव एवं आभार प्रदर्शन कैलाश खूंटे ने किया।

## पैसे लेकर पट्टा देने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मछुआरा समाज द्वारा परंपरागत मछुआरा समितियों की हितों की रक्षा करने और पैसे लेकर पट्टा देने वाले दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

छत्तीसगढ़ युवा धीवर समाज के तत्वाधान में परंपरागत मछुआरा समाज के मछुआरा समितियों को आ रही बहुत सारी दिक्कतों को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर जनमेजय महोबे को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया है कि मछली पालन विभाग में लेनदेन करके चहेतों को उपकृत करने का खेल हो रहा है। इससे सालों से इस व्यवसाय से जुड़े समाज के लोग और पंजीकृत समिति को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बलौदा के तालाबों का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जिम्मेदार लोगों की शिकायत की और इस मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौपने वालों में डॉ लखन लाल धीवर उपाध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड, छत्तीसगढ़ युवा धीवर समाज की ओर से भरत लाल धीवर, नवीन धीवर, प्रभात धीवर, ताराचंद ढीमर, रामनारायण धीवर, नंदलाल धीवर, करण धीवर, राजेश, रामबनवास, पुरूषोतम, संतोष धीवर, भोजराम धीवर, दामोदर सिंह, रविशंकर ढीमर, प्रकाश धीवर, बलराम धीवर, दशरथ धीवर, राजकुमार, गंगाराम, परस धीवर, गोविंद धीवर, रोहन धीवर, लक्ष्मीप्रसाद, अशोक, सरोज, प्रदीप, दीपक, सोहित केवट, कृपाराम केवट, शिवकुमार धीवर, शंकर लाल धीवर, तेरस लाल धीवर, रामलाल, दिलीप,गणेश, संतराम, सहित बड़ी संख्या में मछुआरा समाज के लोग शामिल रहे।



### सुन्नी मुस्लिम जमात ने जामा मस्जिद परिसर में किया ध्वजारोहण

**चांपा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुन्नी मुस्लिम जमात चाम्पा द्वारा जामा मस्जिद परिसर में झंडारोहण का आयोजन किया गया। जामा मस्जिद के पेश इमाम हाजी अख्तर मिशबाही ने जमात के लोगों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित वार्ड वासियों की उपस्थिति में राष्ट्रध्वज फहराया। इस वर्ष वक्फ बोर्ड ने सभी मस्जिद पर राष्ट्रध्वज फहराये जाने के निर्देश प्रसारित किये थे, इसके तहत नगर की जामा मस्जिद में भी आन बान और शान के साथ ध्वजारोहण किया गया।



राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत राजेन्द्र स्कूल में आयोजन

# विकास खण्ड स्तरीय क्विज़ में विद्यार्थियों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत प्रारंभिक एवं हायर सेकेण्डरी शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित विकास खण्ड स्तरीय क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा के सभा कक्ष में किया गया।

कार्यक्रम को एपीसी हेमलता शर्मा ने संबोधित करते हुए क्विज प्रतियोगिताओं का महत्व बताया एवं प्रतिभागियों को पूरे मनोयोग से सहभागिता लेने के लिए प्रेरित किया। बीईओ देवकांत द्विवेदी ने कहा कि क्विज़ प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में छिपी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता है और बच्चों की बुद्धि भी कुशाग्र होती है। प्राचार्य राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि विज्ञान और गणित विषय बहुत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रारंभिक स्तर के लिए 80 बच्चे एवं सेकेंडरी स्तर के लिए 70 कुल 150 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रारंभिक स्तर गणित विषय में प्रथम स्थान संकुल केंद्र मुरलीडीह से धन्नी टंडन कक्षा 8वीं एवं रौनक साहू, द्वितीय स्थान संकुल केंद्र बरगवां से कु. मानसी कक्षा 8वीं एवं कु. लालिमा एवं तृतीय स्थान कु. दीप्ति सोनवानी एवं कु. मधु धीवर ने प्राप्त किया विज्ञान विषय में प्रथम स्थान संकुल केंद्र अमोरा से निधि यादव कक्षा 7वीं एवं सागर राय द्वितीय स्थान संकुल केंद्र हरदी से कु.रोशनी कैवर्त्य तथा तृतीय स्थान पर निक्की कक्षा 8वीं एवं प्रिंसी कक्षा 8 वीं रहे। इसी प्रकार सेकेंडरी स्तर पर गणित में प्रथम स्थान हायर सेकेण्डरी स्कूल पोड़ी दलहा से शिवम् वस्त्रकार व नीरज साहू द्वितीय स्थान पर बरग़वां हाइ स्कूल से आकाश ध्रुव व अंकित कुमार तथा तृतीय स्थान पर हायर सेकेण्डरी स्कूल कापन से कु. डिंपल रजक व प्रिन्स कश्यप कक्षा 10वीं रहे। विज्ञान विषय में हायर सेकेण्डरी स्कूल पोड़ी दलहा से कु. सुमन देवांगन व शारदा भारद्वाज कक्षा 11वीं द्वितीय स्थान पर हायर सेकेण्डरी स्कूल तागा से कु. किरण सोनी व ऋतु सोनी तृतीय स्थान पर कु., प्रगति सिंह व कु. रोशनी जोगी कक्षा 11वीं ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप शील्ड एवं कप प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एबीईओ श्रीमती स्वाति राठौर एवं बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में श्री मति कविता शर्मा, आशीष तिवारी, श्रीमती पल्लवी सिंह एवं प्रशांत दुबे शामिल थे ।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं बच्चे।

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आज करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छ ग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 11 सूत्रीय मांग के लिए शुक्रवार 22 अगस्त को एकदिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करेगा।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को मोदी की गारंटी लागू करने के तहत अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा लगातार शासन से पत्राचार किया जा रहा है। सरकार द्वारा इन मांगों को कर्मचारी हित में सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने के कारण प्रदेश भर के कर्मचारी और अधिकारियो में असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश संयोजक कमल वर्मा की माने तो इनके अधिकारों का सतत हनन किया जा रहा है और 2019 से देय तिथि से महंगाई भत्ता पर लगातार किसी न किसी सरकार के द्वारा कांटा मारा जा रहा है । प्रधान पाठक प्रांताध्यक्ष एवं फेडरेशन के प्रवक्ता जयंत सिंह क्षत्रिय बताया कि शासन द्वारा जारी किए गए आदेशों में देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा एरियर्स की राशि का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया जा रहा है जिससे लगातार भ्रामक की स्थिति निर्मित हो गई है । जांजगीर-चांपा छ ग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार एवं महासचिव अर्जुन सिंह क्षत्री ने कहा कि शासन द्वारा लगातार कर्मचारियों अधिकारियों के न्यायिक अधिकारों का हनन कर आर्थिक अधिकारों एवं हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। उन्होंने सभी विभाग के कर्मचारी अधिकारियो से आह्वान किया है कि 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर केरा रोड स्थित हाकी मैदान पर एकत्र होकर इस आंदोलन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता प्रदान कर अपने हक की मांग हेतु आवाज बुलंद करें।

## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत नवागढ़ में कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली



**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ में वोट चोरी के गद्दी छोड़ अभियान के तहत नगर काग्रेस के तत्वाधान में सांस्कृतिक भवन से मशाल रैली निकली गई। क्षेत्रीय विधायक ब्यास नारायण कश्यप एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा के उपस्थिति में जिला कांग्रेस महामंत्री गोविंद केशवानी एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष साहू के नेतृत्व मे पूरे समर्थको के साथ मसाल जुलूस का आयोजन किया गया। मशाल रैली में ब्लाक कांग्रेस के प्रभारी अध्यक्ष गोविन्द कश्यप, रामनिवास पाण्डेय, दिलदार खान, अखिलेश मिश्रा, तेरस साहू, हरिराम साहू, अनीता साहू, कांतिदेवी केशरवानी, गितेश देवांगन, प्रदीप कश्यप, ललित साहू, भूपेन्द्र साहू, विक्रम, पुष्पराज, भागवत देवांगन, दिलेस कर्ष, ओमप्रकाश कर्ष, लाला जायसवाल, जितेंद्र कश्यप, अजीत बंजारे, किसन बघेल, खोलेश्वर साहू, जेपी साहू, विजय साहू, पप्पू राठौर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 11 हजार पोषण पेटी बनाने का लक्ष्य बनाकर किया जा रहा कार्य



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष की विकास यात्रा पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों के घर 11 हजार पोषण पेटी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला सक्ती द्वारा विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का जमीनी स्तर पर गांव गांव जाकर व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 5 हजार रुपए की राशि दो किश्तों में तथा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 1 हजार रुपए प्रति माह की राशि डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गांव गांव जाकर हितग्राहियों के घर गृहभेंट कर इन योजनाओं से प्राप्त राशि का उपयोग पोषण पेटी बनाने के लिए प्ररित करते हुए पोषण पेटी बनवाया जा रहा है, जिससे पोषण स्तर में सुधार सुनिश्चित हो सके।

### सरस्वती शिशु मंदिर में तीन दिवसीय योग शिविर



**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर तागा के तत्वाधान में मनिका देवी परिसर में त्रिदिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया था। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के साथ समापन हुआ जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर तागा के सभी शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राएं एवं समिति के पदाधिकारी, सदस्य, अभिभावकऔर ग्राम के लोग सम्मिलित हुए। योग अग्रेसर श्रीमती रामेश्वरी यादव, कैलाश चौबे, रामकुमार कश्यप, अश्वनी यादव थे। योग में 101 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन सर्वे भवन्तु सुखिन मंत्र के साथ हुआ।

#### समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर जताई नाराजगी

# कलेक्टर ने तहसील कार्यालय पामगढ़ शिवरीनारायण का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ एवं शिवरीनारायण तहसील कार्यालय, उप पंजीयक कार्यालय, स्कूल का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने गुरुवार 21 अगस्त को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील एवं एसडीएम कार्यालय में नामांतरण, अविवादित व विवादित बंटवारे, अभिलेख दुरूस्ती, त्रुटि सुधार, सीमांकन से संबंधित प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण की पेशी की तिथि अनावश्यक रूप से बार-बार न बढ़ाई जाए। कलेक्टर ने समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण प्राथमिकता में किया जाए और इसके लिए कैम्प कोर्ट लगाकर मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें। साथ ही त्रुटि सुधार संबंधी सभी प्रकरणों का निराकरण त्रुटि सुधार मॉड्युल के माध्यम से मौके पर ही किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व प्रकरणों को ई-कोर्ट में दर्ज किया जाए, जिससे उनकी मॉनिटरिंग और ट्रैकिंग आसान हो सके। साथ ही रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण और त्रुटि सुधार के मामलों पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि यदि त्रुटिसुधार के प्रकरण में फील्ड के कर्मचारियों द्वारा जानबूझ के त्रुटि की गई है तो संबंधितों को नोटिस जारी कर अनुशासत्मक कार्रवाई करे। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में आने वाले आवेदकों से बातचीत की और उनकी शिकायतो को सुना। इस अवसर पर एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, एसडीएम पामगढ़ देवेन्द्र चौधरी सहित तहसीलदार, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

### डिजिटल फसल सर्वेक्षण के कार्य का जाना हाल

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने ग्राम मेंहदी में खेतों में पहुंचकर डिजिटल फसल सर्वेक्षण के कार्य का किया निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को डिजिटल फसल सर्वेक्षण के कार्यों का सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिजिटल फसल सर्वेक्षण का कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं कुशलतापूर्वक करने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को डिजिटल फसल सर्वेक्षण हेतु निर्धारित तिथि तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल सर्वे से किसानों को बेहतर सुविधा और योजनाओं का लाभ मिलेगा, डिजीटल सर्वे का कार्य को त्रुटिरहित समय पर पूर्ण करने कहा।

### बच्चों से पूछे सवाल, मध्यान्ह भोजन में हरी सब्जी देने निर्देश

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शासकीय प्राथमिक मेहंदी पहुंचकर शिक्षकों से बच्चों को पढ़ाए जा रहे विषयों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं से विभिन्न विषयों के संबंध में जानकारी ली और गणित एवं भाषा संबंधी विभिन्न प्रश्न करते हुए विद्यार्थियों से जवाब लिए। उन्होंने सही जवाब देने पर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने उपस्थित शिक्षिका को बच्चों को गणित विषय के प्रश्नों का अधिक से अधिक अभ्यास कराने के निर्देश दिए। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो और उसमें हरी सब्जियों शामिल करने कहा। उन्होंने स्कूल परिसर में मुनंगा का पौधा लगाने एवं किचन गार्डन बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा और पोषण दोनों बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने उप पंजीयक कार्यालय पामगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिदिन रजिस्ट्री की संख्या, नागरिकों का मिलने वाली सुविधाएं एवं ऑनलाइन नामांतरण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## कुरियारी में महीनों से हैंडपंप बंद, पानी को तरस रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना



नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरियारी में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत क्षेत्र के कई स्थानों पर हैंडपंप महीनों से खराब पड़े हैं, बावजूद इसके सरपंच एवं पंचगण स्थिति सुधारने पर ध्यान नहीं दे रहे। लोगों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे रोज़मर्रा की जिंदगी और विशेषकर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

ग्राम पंचायत परिसर में संचालित स्कूल के पास स्थित पुराना हैंडपंप लंबे समय से खराब है। ग्रामीणों के मुताबिक हैंडपंप का ऊपरी हिस्सा निकाल लिया गया है और वह पूरी तरह बंद पड़ा है। वहीं नव-खनन हुआ बोर भी मशीन (हैंडपंप/मोटर पंप) लगाए बिना छोड़ दिया गया है, जिसके कारण वह भी चालू नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप स्कूल में रखी बाल्टी का सीमित पानी कुछ ही समय में खत्म हो जाता है और बच्चों को पीने के पानी के लिए पास के कोटवार के घर तक जाना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि पेयजल की अनुपलब्धता के कारण बच्चों की कक्षा से बार-बार अनुपस्थिति बढ़ रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जिस स्कूल में न तो पक्के भवन की व्यवस्था है और न ही नियमित पेयजल, वहां सरकार की "शिक्षा में सुधार" की बातें जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद मरम्मत और स्थापना का कार्य टला जा रहा है। लोगों का कहना है गांव में रोज़मर्रा की आवश्यकताओं के लिए हैंडपंप ही भरोसा है। महीनों से बंद पड़े हैंडपंपों की वजह से महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने खराब हैंडपंपों मरम्मत कर उन्हें चालू कराया जाने की मांग की है। साथ ही नए बोर पर मशीन या हैंडपंप तुरंत स्थापित कर नियमित आपूर्ति शुरू करने की मांग ग्रामीणों ने एवं अभिभावकों ने की है।

**खास बात**

- नया बोर खनन हुआ पर अब तक नहीं डाले हैंडपंप या मोटर पंप

## सड़क से 10 मीटर दूर बनाएं गणेश पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- थाना परिसर में हुआ गणेश उत्सव शांति समिति की बैठक



पुलिस थाना बिर्रा के परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू के नेतृत्व में गणेश उत्सव शांति समिति का बैठक रखा गया। बैठक में बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के कोटवार एवं सरपंच और जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

अनुविभागीय पुलिस अधिकारी चांपा के अंतर्गत पुलिस थाना बिर्रा में 20 अगस्त बुधवार को दोपहर 1 गणेश उत्सव शांति समिति का बैठक रखा गया, जिसमें बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिर्रा, तालदेवरी, सिलादेही, मौहाडीह, गतवा, बोरसी, चोरहादेवरी, बरकुट, नक्टीडीह, करनौद, बंसुला, सेमरिया, बनडभरा, डभराखुर्द, सोनादह, घिवरा, करही, किकिरदा, बसंतपुर, देवरहा, देवरानी आदि ग्राम पंचायतों के कोटवार एवं सरपंच और जनप्रतिनिधिगण के अलावा वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे। निरीक्षक जय कुमार साहू ने वहां पर उपस्थित सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि गणेश उत्सव के दौरान कोई भी प्रकार से अप्रिय घटना घटित न हो ऐसा गणेश उत्सव समिति प्रयास करें। उन्होंने आगे बताया कि पंडाल के सामने में वाहन स्टैंड न करें। सड़क से गणेश पंडाल की दूरी लगभग 10 मीटर हो ऐसा प्रयास करें। गणेश पंडाल में सोने वाला व्यक्ति नामित हो। दुर्घटना की स्थिति में समिति को पार्टी बनाया जाएगा। इस अवसर पर किकिरदा सरपंच गोमती श्याम मांझी, जनपद सदस्य बिर्रा रितेश रमन सिंह, डी एन देवांगन, जीवन लाल साहू एवं पुलिस थाना स्टाफ, क्षेत्र के सरपंच, कोटवार , जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आवेदन 27 तक

**हसौद।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त तक बढ़ाई गई है। चयन परीक्षा दिनांक 13 दिसम्बर को प्रातः 11:30 बजे आयोजित की जायेगी। इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में दिनांक 31 जुलाई तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत रहेंगे। योग्य विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/Index/Registration पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश को आधुनिक दिशा प्रदान की: राघवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न राजीव गांधी के जन्म जयंती पर विधायक कार्यालय अजंता परिसर में उन्हें श्रद्धासुमन करते हुये नमन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हम सबके प्रिय पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल में देश को आधुनिक दिशा दी और कंप्यूटर क्रांति के सूत्रधार बनकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख बढ़ाई। हमारे देश में दूरसंचार, अंतरिक्ष एवं सॉफ्टवेयर सहित कंप्यूटर के क्षेत्र में जो प्रगति हुई है उसकी नीव हमारे प्रिय स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने रखी थी। भविष्य चंद्राकर ने कहा कि युवाओं के बीच लोकप्रिय भारतरत्न राजीव गांधी ने त्रिस्तरीय पंचायती राज लागू कर गांव-गांव से कमजोर तकबो के बीच से एक नया राजनैतिक नैतृत्व दिया। कार्यक्रम को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष खुलन सोनवानी, एनएसयुआई जिला अध्यक्ष अंकित सिंह सिसोदिया एवं हर्षवर्धन सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने किया। कार्यक्रम में संतोष सिंह बैस, मोइद खानअविनाश लाटा,प्रतिपाल सिंह,मनोज अग्रवाल,राजकुमार सिंह,मनोज टंडन,राजेश जैन,अभिजीत सोनवानी,जयदीप सिंह,इरशाद बाना,पुष्प राज सिंह,हुलास जायसवाल,पृथ्वी सिंह बौहान,शशि शंकर डहेरिया,अर्पित देवांगन,पतराम साहू,श्याम खरे,दिनेश, मिरी ,आदित्य चौहान,अलख श्रीवास,सुरेश सिदार,संतोष यादव,अयफाज मेमन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## कृषि और पशुपालन की उन्नत तकनीक देखने दीदियां पहुंची कृषि विज्ञान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

- स्थानीय और सक्ती जिले के 35 क्रृषि और पशु सखी लें रहीं आरसेटी मे कृषि उद्यमी की प्रशिक्षण

ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पंचायतों मे क्रृषि तथा पशुपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर काम कर रहीं स्थानीय और सक्ति जिले के 35 क्रृषि सखी और पशु सखियों को एसबीआई आरसेटी जांजगीर मे क्रृषि उद्यमी की निःशुल्क प्रशिक्षण दी जा रहीं है।

प्रशिक्षण के दौरान क्रृषि और पशुपालन के उन्नत तकनीक को देखने क्रृषि विज्ञानं केंद्र का भ्रमण कराई गईं। जहां पर वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ के डी महंत ने जैविक और प्राकृतिक खेती की जानकारी दिया। इसी तरह वैज्ञानिक डॉ आशुलता ध्रुव ने क्रृषि यंत्रो की जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ प्रदीप सिंह ने मछली पालन और वैज्ञानिक डॉ आशीष प्रधान ने क्रृषि अवशेष से मशरूम उत्पादन की जानकारी दी।इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव, पूनम पाण्डेय, सम्मेदेवी खुटे, सावित्री साहू, करुणा खुटे, पुष्पा कुमारी चौहान, राजेश्वरी राठौर, गीता जायसवाल, ललिता बैष्णव, धनेश्वरी धीवर, लक्ष्मी रत्नाकर, सरिता सुमन, मनीषा साहू, शैलेड्री कश्यप, पुष्पलता भारद्वाज, श्याम बाई कंवर, पूजा यादव, बबिता चौहान, सुशीला चौहान, महेश्वरी टंडन, अमरीका बाई कुर्रे, स्वेता जगत, मंथन बाई कंवर, राधा चौहान, भारती जगत, लक्ष्मी पटेल, मनीषा कुमारी यादव, ज्योति सिदार, रामबाई निर्मलकर, कुसुम पटेल, रेखा रंजन, भगवती लाठिया, चित्रा सिदार, उत्तरा चौबे, जागेश्वरी खुटे, और घसनिन बाई कर्ष आदि शामिल थे।



जानकारी प्राप्त करते कृषि विज्ञान केन्द्र पहुंची दीदियां।

## विद्यार्थियों की संगीत प्रतिभा निखरकर आएगी सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर स्कूल के उद्यान के पास नवनिर्मित भवन में संगीत कक्ष का शुभारंभ लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी तथा लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने किया।

इस मौके पर लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि लायंस स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संगीत प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से यहां संगीत कक्ष का शुभारंभ किया जा रहा है। लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि स्कूल में संगीत कक्ष के शुभारंभ से विद्यार्थियों की संगीत प्रतिभा निखरकर सामने आयेगी। प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने कहा कि नवनिर्मित संगीत कक्ष में सभी वाद्य यंत्र उपलब्ध कराये गये है। इनके माध्यम से विद्यार्थियों में छिपी संगीत प्रतिभा को मंच प्रदान होगा। इस अवसर पर लायन वासुदेव देवांगन, लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, लायन डॉ. संतोष अग्रवाल, लायन नारायण सोनी, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, लायन बैजनाथ देवांगन, लायन सीए सुरेश अग्रवाल, लायन नंदकुमार देवांगन सहित श्रीमती संजना सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे।



लायंस स्कूल में म्यूजिक रूम के शुभारंभ पर मौजूद लायन सदस्यगण।




## कथा श्रवण से नहीं मनन और आत्मबोध से मिलती है मुक्तिः उपाध्याय



जांजगीर-चांपा। जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 17 में शर्मा परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ बुधवार 20 अगस्त को विधि-विधान पूर्वक देव आवाहन से प्रारंभ हुई। कथा के प्रथम दिवस ब्यास आचार्य रविलास उपाध्याय ने राजा परीक्षित की कथा का रसपूर्ण वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि महाभारत युद्ध के उपरांत जन्मे राजा परीक्षित जब तक्षका नाग के डसने से अपने मृत्यु समय को समीप जान गए, तब उन्होंने ऋषि शुकदेव से श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का संकल्प लिया। परीक्षित की कथा हमें यह संदेश देती है कि जीवन के अंतिम क्षणों में भी भगवान का स्मरण और सत्संग ही मोक्ष का मार्ग है। उन्होंने गोकरण और धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कहा कि कथा के मनन चिंतन और आत्मबोध से पुण्य की प्राप्ति होती है।

कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति और भावविभोर वातावरण में डूबे रहे। आयोजन समिति ने बताया कि आगामी दिनों में श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा। पहले ही दिन बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा परिसर भक्ति रस से सराबोर हो गया। मुख्य यजमान सुनील शर्मा और कुमुदनी शर्मा हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से देर शाम तक हो रही है।

